卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 212 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦9 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## उत्तराखंड में 'द केरल स्टोरी' फिल्म टैक्स फ्री करने का ऐलान

### यूपी और एमपी सरकार भी 'द केरला स्टोरी' को कर मुक्त करेगी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में फिल्म 'द केरल स्टोरी' को सरकार ने कर मुक्त करने का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश के बाद अब उत्तराखंड में भी फिल्म "द केरल स्टोरी" को करमुक्त किया जाएगा। उत्तराखंड में भी फिल्म "द केरल स्टोरी "को टैक्स फ्री किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इस बारे में जानकारी दी है। पत्रकारों से वार्ता के दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ये बात कही है। इसके साथ ही मंगलवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी हाथीबड़कला स्थित सेंट्रियो मॉल में फिल्म द केरला स्टोरी देखेंगे। सीएम ने कहा कि फिल्म 'द केरला स्टोरी' में दिखाया गया है कि कैसे बिना बंदूक



और हिंसा के आतंकवाद फैलाया जा रहा है। मैं इस फिल्म को महिलाओं सहित कई अन्य लोगों के साथ देखूंगा। मध्य प्रदेश के बाद उत्तराखंड में भी फिल्म "द केरल स्टोरी " को करमुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार भी फिल्म 'द केरला स्टोरी' को राज्य में 'कर मुक्त' करेगी। सीएम योगी ने मंगलवार को ट्वीट किया कि फिल्म द केरला स्टोरी' को टैक्स फ्री किया जाएगा। 5 मई को रिलीज होने के बाद से द केरल स्टोरी फिल्म विवादों से घिरी हुई है। भले ही कई राज्यों में फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग हो रही है, लेकिन कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जहां इस फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं कई राज्यों में द केरल स्टोरी पर बैन लगाने तो कई राज्यों में इसेटैक्स फ्रि करने की मांग हो रही है। बता दें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने सोमवार (8 मई) को द (शेष पेज सात पर)

## जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के सीधे चुनाव लड़ने के लिये होगा संविधान में संशोधन

### कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने काशीपुर में किया करोड़ों की लागत की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिचाई ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत-नेपाल उत्तराखंड नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने आज काशीपुर क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की लागत की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ ही जनपद स्तर पर अधिकारियों के साथ भी बैठक की। काशीपुर में चौती चौराहे के पास स्थित ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ऊधम सिंह नगर जिले के लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत 35 करोड़ 48 लाख 38 हजार रुपए की विकास



विकास के लिए लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान (शेष पेज सात पर)

## ट्रैक्टर ट्राली वाहन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। कोसी नदी में खनन कार्य कर मजदूरी में लगे एक श्रमिक की ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । वहीं मृतक के परिजनों ने वाहन स्वामी पर कई गंभीर आरोप भी लगाएं हैं आपको बता दें कि कालाढूंगी क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा में रहने वाला 19 वर्षीय सुनील जोकि रामनगर के ग्राम पीरुमदारा स्थित कोसी नदी के खड़ंजा गेट पर मजदूरी का काम करता था बताया जाता है कि सोमवार की शाम को ही है उप खनिज से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर आ रहा था इसी बीच वेयर इज वाहन से अचानक नीचे गिर गया और ट्राली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई । मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने वाहन स्वामी पर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद वाहन स्वामी ने मृतक के शव को एंबुलेंस वाहन से उसके घर पहुंचा दिया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी (शेष पेज सात पर)



## घर से इंस्टिट्यूट के लिए निकला छात्र हुआ लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से इंस्टिट्यूट के लिए निकला एक छात्र बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के तीन दिन बाद मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब छात्र का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर धनोरी लक्ष्मीपुर लच्छी निवासी चंद्रसेन पुत्र राम दत्त ने बताया कि बीते 6 मई को उसका पुत्र सौरभ कमल घर से श्रीराम इंस्टीट्यूट के लिए निकला लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान तमाम संभावित स्थानों पर परिजनों द्वारा तलाश किया गया लेकिन गायब छात्र का कहीं कोई पता नहीं चला। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद गुमशुदगी दर्ज कर गायब छात्र का पता लगाना शुरू किया है।



## चारा पत्ती लेने जंगल में गई महिला पर हाथी ने किया हमला,हालत गंभीर

कोटद्वार। पौड़ी जनपद के कोटद्वार में एक हाथी ने महिला को अपनी सूंड में उठाकर पटक दिया। जिसके बाद आनन- फानन में महिला के परिजनों ने महिला को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी केअनुसार सुलोचना देवी (55) स्नेह कोटड़ीढांग पत्नी स्व पुष्कर सिंह मंगलवार सुबह जंगल में चारा पत्ती लेने गई हुई थी। इस दौरान अचानक झाड़ियों से निकलकर हाथी ने सुलोचना देवी पर हमला कर दिया। महिला के साथ जंगल में गई हुई अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर हाथी भाग गया। महिलाओं ने (शेष पेज सात पर)



## इंटरार्क श्रमिकों में भड़का आक्रोश

### निर्देश के बावजूद कंपनी मैनेजर ने कार्य बहाली से किया इंकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंटरार्क कंपनी के एच आर मैनेजर बीवी श्रीधर द्वारा उपश्रमायुक्त के निर्देश के बाद भी निकाले गये मजदूरों की कार्य बहाली करने से इंकार करने पर श्रमिकों का रोष भड़क गया। श्रमिक नेताओं ने कहा कि इंटरार्क प्रबंधन द्वारा उपश्रमायुक्त के निर्देशों का भी पालन करने से इंकार करने पर मजदूरों में आक्रोश बढ़ गया है। 3 मई 2023 को श्रम भवन रुद्रपुर में हुई वार्ता में कुमाऊँ क्षेत्र के सबसे बड़े श्रम अधिकारी उपश्रमायुक्त द्वारा कंपनी प्रबंधन को इंटरार्क कंपनी सिडकुल पन्तनगर एवं किच्छा के 28 मजदूरों की 9 मई 2023 तक कार्य बहाली कराकर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में 15 दिसंबर 2022 को हुए लिखित समझौते का पालन करने के उत्तराखंड राज्य से बाहर स्थानांतरण करने की कार्यवाही जिला प्रशासन की



स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उपश्रमायुक्त ने वार्ता के दौरान स्पष्ट रुप से दर्ज किया है कि उक्त 28 मजदूरों की गेटबन्दी कर मध्यस्थता में हुवे समझौते का घोर उल्लंघन है। इसलिए प्रबंधन को उक्त समझौते का (शेष पेज सात पर)

## पहलवानों के समर्थन में फूंका ब्रजभूषण का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में पिछले कई दिनों से धरना दे रहे देश के पदक विजेता पहलवानों के समर्थन में आज नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने गोल मढ़ैया ट्रांजिट कैम्प में ब्रजभूषण के विरूद्ध जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनके पुतले को आग के हवाले किया। श्री अधिकारी ने कहा कि विश्व में देश का गौरव बढ़ाने वाले पहलवानों को आज अपने सम्मान की रक्षा के लिए धरना देने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहलवानों द्वारा ब्रजभूषण पर गंभीर आरोप लगाने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा मौन धारण करना इस बात को साबित करता है कि भाजपा सरकार ब्रजभूषण



के साथ खड़ी है। श्री अधिकारी ने कहा कि देश के लिए पदक जीतने पर प्रधानमंत्री सहित तमाम नेता उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। परंतु आज धरना दे रहे पहलवानों की प्रधानमंत्री कोई सुध नहीं ले रहे है। इससे देश के खिलाड़ियों के हौसले प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि आरोपी ब्रजभूषण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। (शेष पेज सात पर)

## उत्तराखंड पुलिस ने 58 पर्यटकों को सिखाया मर्यादा का पाठ

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए आना हो तो आपको मर्यादा में रहकर आचरण करना होगा नहीं तो पुलिस ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्यवाही करने से नहीं हिचकेगी. देहरादून पुलिस ने सोमवार को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने और क्षेत्र में गुंडागर्दी करने के आरोप में रायपुर प्रखंड के सोंग नदी के पास मालदेवता से 16 लोगों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने अपने



विशेष अभियान ऑपरेशन मर्यादा के तहत यह कार्रवाई की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों और आगंतुकों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। पुलिस ने इस अभियान के तहत 58 लोगों पर जुर्माना भी लगाया और कुल 14,500 का जुर्माना लगाया। अधिकारियों ने कहा कि मालदेवता एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है जहां स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के शहरों और राज्यों के पर्यटक नियमित रूप से आते हैं लेकिन कई लोग शराब का सेवन करते हैं और गुंडागर्दी करते हैं जिससे सार्वजनिक उपद्रव होता है। अधिकारियों ने **(शेष पेज सात पर)**




**भोग/अंतिम अरदास**

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी पूजनीय माताजी शारदा रानी जी पत्नी स्व.ओमप्रकाश पपनेजा का आकस्मिक निधन दिनांक 08 मई को हो गया है,उनकी आत्मिक शांति हेतु **उठाला/रस्म पगड़ी** दिनांक 10 **मई** 2023 **दिन बुधवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक गुंजन पैलेस बरेली रोड किच्छा में संपन्न होगी।

**-शोकाकुल परिवार-**

रोशन लाल पपनेजा-चंद्रकांता **(जेठ-जेठानी)**
योगेश चंद्र, सुरेश पपनेजा, सतीश पपनेजा,राजेंद्र पपनेजा,सुरेंद्र, नरेंद्र, विशाल **(भतीजे)**

**भूपेंद्र पपनेजा 'बंटी पपनेजा'(पुत्र)**
मो.- 992726600,सोनम (पुत्री)
बिंदु-राजकुमार मुंजाल(पुत्री-दामाद)
इंदु-मोहित डावर(पुत्री-दामाद)
पूजा-आशीष बत्रा (पुत्री-दामाद)

# अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 46 वां वार्षिक महोत्सव डिबडिबा की कौशलगंज कॉलोनी में 24 प्रहर अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान आयोजक कमेटी द्वारा कीर्तन मंडली अनेक स्थानों से बुलाये गए एवं सुमधुर कंठ में क्षेत्रवासियों को महानाम सुनाया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोविंद मंदिर प्रांगण आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजक कमेटी ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है।धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर स्वामी भवानंद ब्रह्मचारी, स्वामी शिवानंद दास ,स्वामी रूहीदास ,स्वामी भजन नंद दास ब्रह्मचारी, स्वामी गोपाल बाबा, स्वामी हरीमन दास ,डॉ श्यामल कृष्ण मालिक, एस बी मलिक, मंटू दास ,जसवंत सिंह, निमाई मंडल, सूरज दास, भोला मंडल ,मिथुन मलिक ,चंद्र चुघ ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।



# सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर स्कूल की लैब हुई वाईफाई युक्त

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर ससौना की कम्प्यूटर लैब वाईफाय युक्त की गई। इस दौरान एनीथिंग विल डू ने दिए सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर सिसौना को कम्प्यूटर सरस्वती शिशु मन्दिर सिसौना में आज एक भव्य समारोह में दिल्ली की संस्था एनीथिंग विल डू ने क्षेत्र के नितान्त ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कम्प्यूटर- शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विद्यालय को चार सेट कम्प्यूटर प्रदान किए। अब विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे प्रति सप्ताह - प्रोजेक्ट एज्युकेट सेण्टर के माध्यम से आनलाइन क्लाशों द्वारा देश-दुनियां से जुड़कर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे संस्था की ओर से टैक्नीशियन के रूप में आये रविव मयंक ने कहा कि हमारी संस्था उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ- साथ राजस्थान, दिल्ली आदि राज्यों में भी समाज में इस प्रकार का कार्य कर रही है। तदुपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा अतिथियों का स्वागत हुआ संस्था की कोआर्डिनेटर व विद्या-भारती की पूर्व छात्रा दिक्षा सती द्वारा प्रतिसप्ताह आनलाइन कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षित किया जाता है। इस दौरान बतौर अध्यक्षता कर रहे पूर्व तहसीलदार बहोरन सिंह ने संस्था का आभार जताया, प्रधानाचार्य गिरीश चन्द्र फुलारा ने कार्यक्रम व संचालन किया। कार्यक्रम में रमेश पालीवाल, कान्ती वल्लभ, ऋषिराज सिंह हरवेश राणा, दीपक कुमार, चन्दन राणा, विमला, आशु जोशी सहित अनेक लोग तथा विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।




# डीएम ने की सीएम द्वारा घोषित निर्माण कार्यों की समीक्षा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के तहत होने वाले निर्माण व अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा संबंधित अधिकारियों के साथ की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत जिला स्तर पर होने वाले कार्य जैसे डीपीआर आदि तैयार करने सम्बन्धी कार्य लंबित न रखे जाय। जिला स्तर पर होने वाली कार्रवाई को पूर्ण करते हुए प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को भेजे जायें। उन्होंने विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों का स्टीमेट बनाना व सरेखण आदि कार्य को समय पर पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण संबंधी प्रकरणों को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निस्तारित कराये जाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जो कार्य विलोपित करने योग्य हैं। उन्हें विलोपित करने की कार्रवाई अमल में लायी जाय।बता दें कि वर्ष 2017 से जनपद में अब तक कुल 452 घोषणाएं हुई हैं। जिनमें से 167 घोषणाएं पूर्ण हो गई है। जबकि 93 घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर है, 135 घोषणाएं शासन स्तर पर लंबित है, 49 घोषणाएं जनपद स्तर पर लंबित हैं तथा 8 घोषणाएं विलोपित कर दी गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हयांकी, अधिशासी अभियंता सिंचाई फरहान खान, जिला शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद व एसपी सेमवाल, अभियंता जिला पंचायत अनिल जोशी आदि उपस्थित थे।



# एसडीएम अनामिका सिंह ने किया आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। एसडीएम अनामिका सिंह ने आंगनवाड़ी केंद्र मकरंदपुर प्रथम का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर बोलते हुए एटीएम अनामिका सिंह ने बताया कि आज मकरंदपुर प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण उनके द्वारा किया गया था यहां बच्चों की उपस्थिति सही पाई गई वजन लंबाई बच्चों का किया गया जो कि जिस तरह रजिस्टर में दर्ज था ठीक उसी तरह पाया गया है और साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को आंचल का दूध वितरित किया जा रहा था जो कि राज्य सरकार की योजना के अनुरूप है और भारत सरकार द्वारा पोषण वाटिका के तहत और बैकयार्ड पोल्ट्री का कार्य यहां पर हमारे द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें सभी व्यवस्थाएं पूर्ण पायी गई। मनप्रीत कौर आंगनवाड़ी केंद्र की जो कार्य करती हैं यहां बेहतरीन कार्य कर रही हैं और यह एक औचक निरीक्षण था। इस मौके पर बोलते हुए आंगनवाड़ी केंद्र की कार्य करती मनप्रीत कौर ने कहा कि आज एसडीएम महोदय अचानक आई थी और बच्चे उपस्थित पाए गए हैं और सभी व्यवस्थाएं पूर्ण थी और मैडम ने 17 रजिस्ट्रो का निरीक्षण और अध्ययन किया है और साथी केंद्र पर मनाई गई पोषण वाटिका पर भी और बैकयार्ड पोल्ट्री के तहत मुर्गी पालन का भी उन्होंने निरीक्षण किया है।



# आटोमोटिव कारखाने के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पीडीपीएल यूनियन के लोगों ने कांग्रेस नेता हरीश पनेरु, एक्टू जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व में एसडीएम और जिला उद्योग केंद्र का घेराव करते हुए समाज आटोमोटिव कारखाने के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एसडीएम महोदय से मिलकर कहा गया कि आपने पूर्व में निर्देश दिया था कि समाज आटोमोटिव गलत व गैरकानूनी तरीके से फैक्ट्री का संचालन कर रहा है और उसे स्विच किया जाए परंतु अभी तक आप के निर्देशों का पालन नहीं हुआ है. एस डी एम महोदय ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया और ए एल सी महोदय और सिडकुल चौकी इंचार्ज को फोन करके शीघ्र ही कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। इसके बाद सभी श्रमिक उक्त नेताओं के नेतृत्व में जिला उद्योग केंद्र का घेराव करने पहुंचे और समाज आटोमोटिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की. जिला उद्योग केंद्र ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिडकुल कार्यालय के लिए पत्र लिख लेकर जानकारी दी की फैक्ट्री अवैध तरीके से चल रही है. और समाज आटोमोटिव प्रबंधन को भी पत्र लिखकर फैक्ट्री संचालन बंद करने के लिए कहा। इस दौरान भाजपा (माले) के जिला सचिव ललित मटियाली, यूनियन अध्यक्ष प्रकाश चिल्वाल, संगठन मंत्री अरविंद वर्मा, चरण सिंह, जयशंकर ,अमरपाल ,जय प्रकाश राय ,श्रवण कुमार, छत्रपाल ,सत्यपाल ,करण सिंह ,जितेश चंद्र, राजेश कुमार ,ओमप्रकाश, पुरुषोत्तम, हेमराज, शैलेंद्र सिंह ,हारून ,अशोक कुमार, नवल किशोर, मोहन स्वरूप, रामानंद, उदयपाल, रंजन कुमार , लक्ष्मण सिंह ,धर्मेंद्र पटेल सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद थे।



# दबंगों ने घर से किशोरी को किया अगवा, चार के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर में घुसकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर 4 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि बीते 4 मार्च की सुबह लगभग 11:30 बजे कक्षा 10 में पढ़ने वाली उसकी नाबालिग पुत्री घर में मौजूद थी इसी दौरान कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी अरुण सैनी व राजीव सैनी पुत्रगण रोशनलाल तथा बड़े गुरुद्वारे के पीछे निवासी मिलन सक्सेना व राज सक्सेना पुत्रगण अनुज सक्सेना दिनदहाड़े घर में घुस आए तथा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर दबंगई पूर्वक भगा ले गए। आरोपियों द्वारा किशोरी को साथ ले जाते हुए उसकी छोटी बहन ने देख लिया। उसने पुलिस को तत्काल 112 नंबर पर फोन किया लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में महिला ने यह भी बताया कि घटना वाले दिन रात लगभग 8:00 बजे जब वह अपने पति के साथ अरुण सैनी के घर पहुंची और बेटी के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उपरोक्त चारों रात्रि में दबंगई की सारी हदें पार करते हुए जबरदस्ती घर में घुस आए और गाली गलौज मारपीट करते हुए छोटी पुत्री तथा नंद की लज्जा भंग करने का प्रयास किया। आरोपियों ने माना कि गायक किशोरी उनके कब्जे में है। उन्होंने खुलेआम धमकी दिया कि यदि इस मामले में किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही की गई तो परिवार को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। इस घटना के तत्काल बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं किया। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी को भी लिखित शिकायत पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गायक किशोरी के पता लगाने का पीड़ित परिवार द्वारा अनुरोध किया गया लेकिन पुलिस कप्तान ने भी संगीन मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अंतत: पीड़ित परिवार ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी पर हरकत में आई पुलिस ने घटना के लगभग दो माह बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 365, 504, 506, 323, 354 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस मनाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में देशबंधु इण्टर कॉलेज एवं जूनियर हाई स्कूल शिवपुर दिनेशपुर मे रेडक्रास दिवस मनाया गया। जिसमें भारतीय रेडक्रास सोसाइटी गदरपुर चेयरमैन डॉक्टर सोनू विश्वास एवं सचिव राकेश कंबोज द्वारा बच्चों को रेडक्रॉस के मूल सिद्धांतों के बारे में जानकारी दिया गया रेड क्रॉस का मूल सिद्धांत ही मानव सेवा निस्वार्थ भाव से जात पात से ऊपर उठकर लोगों की मदद करना ही रेडक्रॉस का सिद्धांत है एवं सैनिटाइजर वितरण किया गया इस अवसर पर देशबंधु इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल श्रीमती सपना विश्वास, भूधर सरकार, उत्तम कुमार अधिकारी, श्याम सुंदर, भगवान दास, धर्मेंद्र कुमार, जीवन कुमार, पूर्णिमा साहा, मालिना, गीता एवं अन्यान्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।



# अखंड हरिनाम संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपुर नंबर 1 पहुंची स जहां उन्होंने श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा गूलरभोज रोड स्थित ग्राम मोतीपुर नंबर 1 गोविंद मंदिर में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन में पहुंची, जहां उन्होंने स्वामी जी से आशीर्वाद लिया, और संकीर्तन को सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यहां कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा खटोला ग्राम प्रधान मुकेश राणा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# फड़ व ठेला व्यवसायियों ने भाजपा जिला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खटीमा( उद संवाददाता)। फड़ ठेला व्यवसायियों ने अतिक्रमण के नाम पर किए जा रहे उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन भी भाजपा के जिला मंत्री गौरव सोनकर को सौंपा है। नगर के समस्त फड़ – ठेला व्यवसाई सोमवार को लोनिवि अतिथि गृह पहुंचे। जहां भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री गौरव सोनकर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि नगर के विभिन्न



स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ठेले व फड़ लगाकर परिवार की आजीविका चला रहे हैं। जिनको पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के पास आएगा कोई ठोस साधन नहीं है, तथा ना ही उनके फड़ व ठेलो की वजह से जाम की समस्या होती है। उन्होंने जिला मंत्री गौरव से आवश्यक कारवाई करने की गुहार लगाई है। इस मौके पर एजाज अहमद, पंकज साहू, शब्बू अहमद, राजकुमार, दीपक, रंजीत, रियाज अहमद, बंटी, चंद्रपाल, फहीम अहमद, मुन्ने शाह, फहीम अंसारी, कैलाश आदि मौजूद थे।

# वार्ड में विद्युत केबल एवं बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सिंह कॉलोनी वार्ड नंबर 33 में विद्युत केबल एवं बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने को लेकर आलौकिक वाटिका कॉलोनी के तमाम नागरिकों ने पार्षद सुशील चौहान के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता का घेराव कर ज्ञापन सौंपा । वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी की अलौकिक वाटिका कॉलोनी के तमाम लोग पार्षद सुशील चौहान के नेतृत्व में नवोदय बिजली घर पहुंचे जहां उन्होंने अलौकिक वाटिका कॉलोनी में बड़ा ट्रांसफार्मर एवं बंद विद्युत तारे तथा खुशी एनक्लेव कॉलोनी में बंद विद्युत तारे तथा सिंह कॉलोनी फेस टू में बिजली के खंभे लगाए जाने को लेकर अधि



शासी अभियंता का घेराव किया पार्षद सुशील चौहान ने कहा कि 6 माह पूर्व भी वार्ड की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता को दिया गया था लेकिन आज 6 माह बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा नाही ट्रांसफार्मर लगाया गया और ना ही बंद विद्युत तारे वहां डलवाई गई उन्होंने अधिशासी अभियंता से समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की । वही अधिशासी अभियंता ने बताया कि आपकी समस्या का समाधान बहुत जल्द करा दिया जाएगा ज्ञापन देने वालों में आलौकिक वाटिका कॉलोनी के अध्यक्ष परमजीत सिंह सुशील कुमार महेश्वर प्रसाद राजकुमार सुरजीत रोशन लाल सुमन लाल अजय वाधवा गोपाल सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अपना नाम बदलकर कैमरा किराये पर लेकर फरार युवक को किया गिरफ्तार

बागेश्वर( उद संवाददाता)। नगर के एक व्यापारी ने डिजिटल कैमरा किराए में ले जाने के नाम पर गलत पहचान से वीडियो कैमरा चोरी होने की प्राथमिकी पुलिस में दर्ज कराई थी। सरयू पुल के पास दुकान चलाने वाले उरुज आलम ने अपन निकोन 5100,डीएसएलआर कैमरा किराये में देने के नाम पर सुरेश कोरंगा नाम के युवक द्वारा कैमरा किराए पर ले जाने की बात कही,लेकिन लडका कैमरा लेकर वापस नहीं आया और फरार हो गया । प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त सुरेश कोरंगा निवासी अज्ञात के विरुद्ध धारा 406 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक मीना रावत के सुपुर्द की गई, विवेचना अभियोग में धारा 420 भादवि की बढोत्तरी की गई। वही लगातार महिला उपनिरीक्षक मीना रावत द्वारा सभी



तथ्यों के आधार पर जांच कर युवक की तलाश व पतारसी के दौरान एक युवक फायर स्टेशन त्यूनेरा गधेरे की तरफ आते हुए गधेरे के पास पेड़ की छांव में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया,मामले का खुलासा करते हुए पुलिस उपाधीक्षकअंकित कंडारी ने बताया कि एक युवक जिसके कंधे में एक पिट्ठू बैग खड़ा दिखाई दिया, नाम पता पूछने पर अपना नाम नीरज सिंह साह उर्फ निक्कू पुत्र दीवान सिंह साह निवासी ग्राम हाड़ियात थार्प, थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ उर्म् 21 वर्ष बताया, वही युवक से गहनता से पूछताछ के बाद युवक से चोरी हुआ माल बरामद हो गया।गिरफ्तार अभियुक्त से पूछने पर बताया गया कि उसके द्वारा पूर्व में भी जनपद पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, देहरादून में भी इसी प्रकार से कैमरे किराए में लेकर हल्द्वारी, नैनीताल में बेचे जा चुके हैं, और इस कैमरे को भी बेचने जा रहा था।

# रम्पुरा चौकी इंचार्ज का किया स्वागत

रूद्रपुर। पूर्व सभासद हरपाल सिंह ने नवनियुक्त रम्पुरा चौकी इंचार्ज के.सी. आर्या को बुके भेट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान रम्पुरा चोकी मे तैनात सभी पुलिस कर्मियों को भी गुलाब देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद हरपाल सिंह ने नवनियुक्त चौकी इंचार्ज के.सी. आर्या को पूर्ण विश्वास दिलाया कि क्षेत्रवासी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एवं उनका पूरा सहयोग करेंगे ताकि हमे क्षेत्र में गुण्डागर्दी, चोरी आदि की घटनाओं से राहत मिल



सके। नवनियुक्त चौकी इंचार्ज के.सी. आर्या ने आये हुए सभी जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस व पब्लिक का सहयोग ही अपराधो को समाप्त कर सकता है और पुलिस सदैव जनता की दोस्त बनकर कार्य करती है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति सहित क्षेत्र में होने वाले गलत कार्यो की जानकारी उन्हें तुंरत दे वह उस पर तुंरत प्रभाव से कार्यवाही करके आप सभी को संतुष्ट करेंगे। स्वागत करने वालो में नगर निगम के पूर्व ईओ नत्थू लाल कोली, संजय सिंह, शानू गुप्ता समेत अनेको लोग उपस्थित रहे।

# राजभवन में सुजोक थेरेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। सोमवार को राजभवन ऑडिटोरियम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने एक सप्ताह तक चलने वाले सुजोक थेरेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंटरनेशनल सुजोक की अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौधरी द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं के निदान के बारे में बताया। इसके लिए उन्होंने निश्चित बिंदुओं पर दबाव देकर उपचार करना महिलाओं को सिखाया। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य जहां परिवार की महिला सदस्यों के स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सुजोक एक्यूप्रेशर एक अत्यंत सरल एवं सहज चिकित्सा विधि है, जिसमें महिलाएं छोटी-छोटी समस्याओं का स्वयं ही उपचार कर सकती हैं। प्रथम महिला ने कहा कि



उनका प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याएं रखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया जाय। इसके लिए समय-समय पर राजभवन में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फैमली वेलफेयर कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार के प्रशिक्षण दिये जाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं स्वरोजगार की इच्छुक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर करने का प्रयास भी किया जाएगा। प्रथम महिला ने कहा कि राजभवन में जल्द ही फैमली वेलफेयर सेंटर बनाया जाएगा। इस सेंटर के बन जाने से महिलाएं विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप और गतिविधियां इस सेंटर में कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी महिलाओं में हुनर की कमी नहीं है, उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा जिससे उनका हुनर और प्रतिभा लोगों के सामने प्रदर्शित हो सके। प्रथम महिला ने कहा कि अगर महिलाओं को किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण की जरूरत हो तो इसके लिए भी व्यवस्था की जाएगी। इस कार्यक्रम में अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाएं उपस्थित रही।

# एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी का जोरदार स्वागत

हरिद्वार।नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ( इंडिया) के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी का आज प्रेस क्लब हरिद्वार पहुँचने पर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर उन्होने अपने सम्बोधन में पत्रकारों के लिये मजबूत पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की वकालत की। प्रेस क्लब सभागार में एनयूजे की जनपद इकाई के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा की यह दौर पत्रकारों के लिये अतिरिक्त चुनौति का दौर है। उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए सरकारों द्वारा एक तरह से पत्रकारों पर बदले की भावना से कार्यवाही की बात कही। उन्होंने कहा की संगठन मजबूती के साथ पत्रकारों के हितों की बात सरकार के सामने रखेगा तथा पत्रकारों के लिये मजबूत सुरक्षा कानून बनाने की उन्होंने पुरजोर वकालत की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया ने कहा की रास बिहारी के नेतृत्व में संगठन ओर मजबूत होगा। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर पी. एस. चौहान ने कहा की रास बिहारी निश्चित रूप से पत्रकारों की आवाज बुलंद करेंगे ओर उनके सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष डॉ. शिवा अग्रवाल ने रास बिहारी की बधाई देते हुए संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने की बात कही। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने किया। रास बिहारी का आदेश त्यागी, प्रदेश संरक्षक सुनील दत्त पांडे, ब्रह्मदत्त शर्मा, महामंत्री संदीप रावत,बालकृष्ण शास्त्री, राजेश शर्मा, रोहित सिखोला, ललितेंद्र नाथ, सुशील त्यागी, सन्दीप शर्मा, राजेन्द्र नाथ गोस्वामी, नरेश गुप्ता ठाकुर शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती कुमकुम शर्मा , डॉ. राधिका नागरथ, श्रीमती प्रतिभा वर्मा, दीपक नौटियाल, श्रवण झा, जयपाल सिंह,मनोज रावत, आशीष मिश्रा, अमित शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, काशीराम सैनी देवी, पुलकित शुक्ला,मुदित अग्रवाल, विकास चौहान, जहांगीर अली, सुमित यशकल्याण आदि लोगो ने स्वागत किया।





# स्वामी चिन्मयानंद जी की 108 वीं जयंती मनाई

हरिद्वार। हद्विार में स्वामी चिन्मयानंद जी की 108 वी जयंती मनाई गई। साथ ही चिन्मय महाविद्यालय बीएचएल हरिद्वार रानीपुर में स्वामी जी की जयंती के उपलक्ष में खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें बीएचएल जीएम डॉ पंकज श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।इस दौरान स्वामी जी के जीवन परिचय उनकी शिक्षा-दीक्षा तथा उनके 108 नामों के बारे में सभी को अवगत कराया गया ।कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव जी ने स्वामी जी के जीवन का संक्षिप्त वर्णन सभी के साथ साझा किया तो वहीं उपस्थित डॉ मनीषा के द्वारा स्वामी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई । कार्यक्रम का समापन स्वामी चिन्मयानंद जी की आरती तथा जय जगदीश हरे जी की आरती के साथ हुआ। तद उपरांत श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव जी ने खिलाड़ियों के साथ वार्ता की ओर खेल सप्ताह का उद्घाटन कर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ खेलते हुए चौक्का लगा के किया। कार्यक्रम में जॉइंट सेक्रेटरी डॉ राधिका नागराथ, निदेशक डॉव वैष्णो दास शर्मा, डॉव मनीषा , सभी शिक्षकगण तथा गैर शिक्षकगण कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मासी में ऐतिहासिक सोमनाथ मेले का सीएम ने किया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री धामी ने बाला गोरिया पुस्तक का विमोचन किया,कई विकास कार्यों की घोषणा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मासी पहुॅचकर ऐतिहासिक सोमनाथ मेले में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को ऐतिहासिक सोमनाथ मेले की बधाई दी और कहा कि रामगंगा के इस पावन तट पर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है मै इस पावन भूमि को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। राज्य आन्दोलनकारियों को भी आरक्षण हमारी सरकार द्वारा आरक्षण दिया गया है। मुख्यमत्री ने कहा कि मानसखण्ड के अन्तर्गत कुमाऊॅ के धार्मिक स्थलों का मन्दिर माला मिशन के अन्तर्गत मास्टर प्लान बना दिया गया है जिसे जागेश्वर धाम से शुरू किया दर्ज करायेगा जिससे यहॉ की संस्कृति, लोककला एवं खान-पान का प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणीय राज्य बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्प है। इस अवसर उन्होंने अनेक घोषणों कि जिनमें द्वाराहाट विधानसभा के मासी स्थित अति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण, चौखुटिया स्थित उनका भी परीक्षण करवाया जायेगा परीक्षण के उपरान्त उन योजनाओं में शामिल किया जायेगा। उन्होंने सोमनाथ मेले को 05 लाख रू0 देने की भी घोषणा की। गगास भण्डार गांव सिचाई पम्पिंग योजना भी बनायी जायेगी, भूमिया मंदिर, माहासीर संरक्षण को गति दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने के खण्ड कार्यालय का चौखुटिया में स्थापना, चौखुटिया एवं मासी के बीच लोक निर्माण विभाग कार्यालय खोलने की मॉग की। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश बनने के बाद इस मासी क्षेत्र में पहली बार मुख्यमंत्री आये है यह इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री के आने से क्षेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में अल्मोड़ा मेडिकल कालेज प्रारम्भ हो चुका है तथा पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है जिससे सीमान्त क्षेत्र में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले इसके प्रयास हम सभी को मिल कर








को प्रणाम करता हूॅ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को एक साल पूर्ण हो चुका है जिसमें हमने धर्मान्तरण कानून, नकल विरोधी कानून, लैण्ड जिहाद कि खिलाफ सख्त एवं कठोर निर्णय लिए है वहीं सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के लिए संकल्पबद्व है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नई खेल नीति, नई शिक्षा नीति, नई पर्यटन नीति, नई सौर ऊर्जा योजना, स्वरोजगार योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ने में मदद कर रही है तथा महिलाओं को सरकारी नौकरियों जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा गरीब परिवारों को वर्ष में 03 एल0पी0जी0 सिलेण्डर मुफ्त दिये जा रहे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जायेगी जिसका ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 की तीन बैठकों का आयोजन उत्तराखण्ड जैसे छोटे प्रदेश मिलना सौभाग्य की बात है। इसकी एक बैठक रामनगर में सम्पन्न हो चुकी है वहीं दो बैठकें और होनी है जिससे हमारा प्रदेश अन्तराष्ट्रीय पटल पर अपनी उपस्थिति प्रेमपुरी से छित्याड़ी-कोरनी तक मोटर मार्ग का नव निर्माण, चौखुटिया विकासखण्ड के ढौनारीठा चौरा मोटर मार्ग का सुधारीकरण, चौखुटिया से खीड़ा-खाडाखडक-झुमाखेत तक मोटर मार्ग बनाया जायेगा तथा टूटी सड़कों की तत्काल मरम्मत करायी जायेगी और जो सड़कें विधायक निधि में कटी है उनका परीक्षण किया जायेगा तथा किस विभाग में लिया जा सकता है उसको दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि अन्य जो प्रस्ताव विधायक ने दिये है बाला गोरिया पुस्तक का भी विमोचन किया। क्षेत्रीय विधायक मदन बिष्ट ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विभिन्न मागें उनके सम्मुख रखी जिनमें जवड़िया-रामपुर सिंचाई योजना का निर्माण, चौखुटिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण, मासी क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा, अगनेरी मेला परिसर में गंगा आरती घाट एवं तटबन्ध निर्माण, जौरासी क्षेत्र में चाय बागान को विकसित किया जाय, चौखुटिया में फल संरक्षण केन्द्र एवं फल विक्रय केन्द्र की व्यवस्था, सिंचाई विभाग के विकास को और तेज गति मिलेगी। सांसद ने कहा कि एक समय था जब बजट का 28 प्रतिशत ही क्रेन्द्र सरकार दिया करती थी और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में 42 प्रतिशत बजट केन्द्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है जिससे इस क्षेत्र के सभी गॉव सड़क मार्ग से जुड़ रहे है। केन्द्र सरकार दी जा रही किसान सम्मान निधि से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी घरों शुद्व पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। करने होंगे। इस अवसर पर रानीखेत विधायक डा0 प्रमोद नैनवाल, विधायक सल्ट महेश जीना, पूर्व विधायक महेश नेगी, अनिल साही, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती लीला बिष्ट, मेला अध्यक्ष विपिन शर्मा, शिवराज सिंह, पूर्व भाजुयमो प्रदेश अध्यक्ष कुन्दन लटवाल, मण्डल अध्यक्ष मासी चन्द्र प्रकाश फुलेरिया, जिलाधिकारी वन्दना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रूचिता जुयाल, मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं के समाधान को आईजी ने हल्दूचौड़ में की सभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊॅं परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा हल्दूचौड आंवला वन चौकी में जन समस्याओॅं को लेकर सभा का आयोजन किया। सभा में लोगों ने विभिन्न समस्याओं को आईजी डा. भरणे के सम्मुख रखा। जिस पर आईजी द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने अवगत कराया कि पुलिस महानिरीक्षक कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में हर शनिवार जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिनको जो भी समस्या हो कैम्प में आकर अपनी समस्या दर्ज करा सकते है। रेंज स्तर पर शिकायत सैल का गठन किया गया। जिसका मोबाईल नम्बर 8077713006 है। जो लोग कैम्प कार्यालय नहीं आ सकते है इस नम्बर पर व्हाटसप के माध्यम से भी शिकायात दर्ज करा सकते है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर पुलिस से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत या सुझाव



( नशा, यातायात, भूमि धोखाधडी, अनैतिक कार्य करने वालों की सूचना आदि) दे सकते है। शिकायतकर्ता का नाम व पहचान गुप्त रखी जायेगी। डा. भरणे ने बताया कि जनहित में जो भी पुलिस के साथ मिलकर अच्छा कार्य करना वो पुलिस वालियन्टर्स ( डिजिटल, यातायात, ड्रग, साईबर, आपदा मित्र वालियन्टर्स) हेतु पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन/ फार्म भर सकता है। प्राप्त शिकायतों का पुलिस टीम द्वारा सर्वे कराकर उचित कार्यवाही भी की जायेगी। आईजी द्वारा इस मौके पर ऊमा देवी, चम्पाकली तथा फूल देवी निवासी गन्ना सेंटर का डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में उनकी आंखो का उपचार करवाकर उनको चश्मे वितरित किये। साथ ही जरुरत मंद कुल 90 लोगों को चप्पल, अनाज व कपडे भी वितरित किये गये ।

## महाराजा अग्रसेन का संदेश जन जन तक पंहुचायें : गोयल

सितारगंज(उद संवाददाता)। अग्रवाल सभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल के उत्तराखंड भ्रमण के अंतर्गत अपने सहयोगी अनिल गुप्ता,अमित गुप्ता,आदेश मंगल और पवन गुप्ता के सितारगंज पंहुचने पर महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में अग्र समाज ने स्वागत व अभिनन्दन किया। प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि समाज का प्रत्येक अग्रबन्धु संगठित हो इसके तहत व्यापक स्तर पर अग्रवाल सभा व युवा अग्रवाल सभा की प्रदेश स्तर,जिला स्तर व नगर स्तर पर कार्यकारिणी बनाकर समाज को संगठित करने हेतु ईकाइयों का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते आये हैं राजनीतिक क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ रहे हैं,परन्तु इन सबके साथ साथ महाराजा अग्रसेन जी के उस संदेश को एक ईंट एक रुपया को हम सभी ने समाज के हर व्यक्ति तक चरितार्थ रुप में पंहुचानी है ताकि अग्र समाज मजबूत स्थिति में समाज व राष्ट्र के उत्थान में पहले की भांति और अधिक कार्य करें।



सितारगंज अग्र समाज द्वारा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोशन लाल अग्रवाल, रोहताश,अग्रवाल,विजय भूषण गर्ग,कैलाश अग्रवालकमल जिन्दल, उमेश अग्रवाल,महेश मित्तल, रंजन अग्रवाल,नरेश कंसल, राजेश बंसल, राजेश जिन्दल, मोहित जिन्दल, संजय जैन,प्रमोद अग्रवाल,मोहित अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल,सचिन अग्रवाल,मुकेश गर्ग,ग्यारसी अग्रवाल, संजय गोयल,शीतल सिंघल, रामौतार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## औचक छापेमारी में पांच क्लीनिक सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के आस पास के आवासीय क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की औचक कार्रवाई निरंतर जारी है। गौर तलब है कि अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं एसीएमओ रश्मि पंत ने अभियान छेड़ा हुआ है। दोनों ही अधिकारियों द्वारा गत दिवस धानमिल क्षेत्र में पुख्ता सूचनाओं के आधार पर अवैध



क्लिनिको पर छापेमारी की गई। वहीं चोरगलिया में भी अवैध तरीके से क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। एसीएमओ रश्मि पंत ने चोरगलिया में दो अवैध रूप से नियमों के विरुद्ध संचालित क्लीनिक को सील किया है, तो वही धानमिल में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं एसीएमओ रश्मि पंत ने तीन अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की। जहां निरीक्षण के दौरान दस्तावेज गलत पाए गए और क्लीनिक मानकों के विपरीत चल रहे थे। ऐसे में उन्होंने तीन क्लीनिकों को सील कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल के निर्देश पर यह कार्यवाई की जा रही है जो निरंतर जारी रहेगी।

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष को धमकी देने वाले भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महानगर कांग्रेस कामेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेत्रत्व में कांग्रेस जनो ने कोतवाली में कर्नाटक प्रदेश में चिंतापुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधान सभा प्रत्याशी मनीकांत राठौर द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, उनकी



धर्मपत्नी एवं सम्पूर्ण परिवार को जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। इस दौरान पार्षद व ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन,पार्षद व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस राधा आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस हर्षित भट्ट, गजेंद्र सिंह गोनिया, राजेंद्र बिष्ट, बसीरत जहां, विनोद कुमार, किशोर जोशी, हैप्पी माहेश्वरी शैलेंद्र सिंह दानू, प्रदीप बिष्ट, संजय जोशी, अनिल कनौजिया, उदित करायत आदि मौजूद लोग रहे।

## आज से दोपहर डेढ़ घंटा शहर में डंपरों का संचालन प्रतिबंधित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । मुख्य मार्गों पर रोजाना लगने वाले जाम की समस्या से आम जनता को राहत पहुंचाते हुए एस एस पी पंकज भट्ट ने सभी डंपरों के लिए दोपहर एक बजे से ढ़ाई बजे तक शहर में संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने और हादसों को रोकने के लिए अब स्कूलों की छुट्टी के दौरान डंपर के संचालन पर पाबंदी रहेगी। इस आशय का आदेश जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि यह व्यवस्था प्रयोगात्मक परीक्षाओं के दौरान भी लागू रहेगी। एसएसपी पंकज ने बताया यह व्यवस्था आज 9 मई से लागू हो गई है। श्री भट्ट ने बताया कि विद्यालय की छुट्टी के समय शहर में डंपरों का संचालन दोपहर 1 बजे से ढाई बजे तक



बंद रहेगा। रविवार को यदि प्रतियोगितात्मक परीक्षा आयोजित होती है तो रविवार को परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा पहले और परीक्षा खत्म होने के 2 घंटे बाद तक संचालन बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि चंबल पुल से चौफुला कठघरिया मार्ग में नहर कवरिंग सड़क का कार्य चल रहा है। यह कार्य पूर्ण होने के बाद प्रशासन से विचार विमर्श कर पनचक्की, हाईडिल, चंबल पुल, लालडांट रोड पर चलने वाले डंपरों को वनवे कर चौफुला से भेजा जाएगा, जिससें लालडॉट रोड पर जाम से निजात मिलेगा।



गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
₹18000* तक की बचत
28% GST का लाभ
0% फाइनेंस उपलब्ध
3 घंटे में फ्री डिलीवरी / इंस्टालेशन
0% फाइनेंस उपलब्ध
Free इंस्टालेशन
Budget Ac
VOLTAS WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1990
HITACHI WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2490
BLUE STAR WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2299
LLOYD WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1666
Premium Split Ac
LLOYD SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2875
HITACHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3125
BLUE STAR SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2959
HAIER SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2792
Mid-Range Split Ac
GODREJ SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2709
VOLTAS SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2792
SUPREME COOL WHIRLPOOL SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3311
SAMSUNG SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1990
Easy EMI Options Available
Heavy-Duty Split Ac
DAIKIN SPLIT INVERTER AC 1.5T 4 STAR EMI - ₹ 3125
AMSTRAD SPLIT AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1917
GENERAL SPLIT INVERTER AC 1.5T 5 STAR EMI - ₹ 4041
MITSUBISHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3292
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
DAIKIN
innovating for change
pure cooling
VOLTAS VOLTAS beko
Coolest Summer Offer
First time ever ASSURED CASHBACK
Available on non-EMI and cash-based transactions with pine labs
Exclusively on the Pine Labs PoS.
AMSTRAD
Smart heavy duty cooling at 60° temperature
NEXT GENERATION
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
ELEGANT LITE KENT WATER PURIFIER
SUPER PLUS KENT WATER PURIFIER
CHAMP RO + UV AQUAGUARD WATER PURIFIER
REGAL AQUAGUARD WATER PURIFIER
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
SAMSUNG Inverter Frost Free SIDE BY SIDE Refrigerator Starting Price ₹ 69,990/-
VOLTAS SIDE BY SIDE Refrigerator Starting Price ₹ 59,990/-
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
STROM 70XL SYMPHONY AIR COOLER EMI- ₹ 1040
THAR 80 TOMASHI AIR COOLER EMI- ₹ 1375
RACER 80 USHA AIR COOLER EMI- ₹ 958
JETMAX 54 VOLTAS AIR COOLER EMI- ₹ 958
DA60EMA BLUESTAR AIR COOLER EMI- ₹ 1040
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
330 LTR BLUESTAR DEEP FREEZER EMI- ₹ 1990
320 LTR HAIER DEEP FREEZER EMI- ₹ 1955
320 LTR VOLTAS DEEP FREEZER EMI- ₹ 1955
325 LTR GODREJ DEEP FREEZER EMI- ₹ 2040
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आचार संहिता

निर्वाचन आयोग का राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन पर रोक संबंधी निर्देश निस्संदेह स्वागत योग्य है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार थम गए हैं। आदर्श आचार संहिता के मुताबिक अब प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर संपर्क कर सकते हैं। इस बार चुनाव आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग कुछ सजग और सख्त नजर आ रहा है। प्रचार थमने से पहले उसने सभी राजनीतिक दलों को लिखित निर्देश दिया है कि मतदान से एक दिन पहले और मतदान वाले दिन कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए जा सकते।इसके लिए पहले जिलों की मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणित कराना पड़ेगा। अखबारों के संपादकों को भी पत्र लिख कर ऐसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने से इनकार करने को कहा गया है। उन्हें प्रेस परिषद की मीडिया आचार संहिता का स्मरण भी कराया गया है। इससे यह संकेत तो साफ है कि निर्वाचन आयोग मतदान में किसी भी प्रकार से मतदाताओं को भरमाने, लुभाने और मतदान प्रक्रिया को बाधित करने के खिलाफ है।अगर वह सचमुच अपने अधिकारों का उपयोग करता है, तो राजनीतिक दलों की मनमानियों पर लगाम लग सकती है। देखने की बात है कि वह अपने इस फैसले पर अमल कराने में कितना कामयाब हो पाता है। इसमें अपने निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वह कितनी सख्ती बरतता है।पिछले कुछ सालों से लगातार निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप लगते रहे हैं। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया संपन्न कराए। मगर अक्सर राजनीतिक दल चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते देखे जाते हैं और तमाम शिकायतों के बावजूद निर्वाचन आयोग उनके खिलाफ कोई कड़ा कदम नहीं उठाता। इस लिहाज से कर्नाटक में निर्वाचन आयोग की यह सख्ती कुछ उम्मीद जगाती है। मगर यह केवल विज्ञापनों के प्रकाशन तक सीमित क्यों रहना चाहिए। राजनीतिक दल केवल अखबारों में विज्ञापन के जरिए मतदाताओं को भ्रमित करने या लुभाने का प्रयास नहीं करते। अब प्रचार के अनेक मंच हैं। सबसे बड़ा मंच तो टेलीविजन है, फिर सोशल मीडिया है।पिछले कुछ सालों में राजनीतिक दलों में यह प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है कि मतदान से एक दिन पहले और मतदान वाले दिन वे तमाम अखबारों में पूरे-पूरे पृष्ठ के विज्ञापन देने लगे हैं। यह आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। इस पर रोक लगनी ही चाहिए। मगर यह भी छिपा नहीं है कि चुनाव प्रचार थमने के बाद विभिन्न राजनीतक दलों के नेता टीवी पर साक्षात्कार देने और बहसों में चुनाव नतीजों को लेकर भ्रामक बयान देने लगते हैं। राजनीतिक दलों के आनुषंगिक संगठन कुछ इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिनका सीधा राजनीतिक संबंध तो नजर नहीं आता, पर उनका चुनाव से स्पष्ट संबंध होता है। निर्वाचन आयोग का राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन पर रोक संबंधी निर्देश निस्संदेह स्वागत योग्य है, पर अगर वह सचमुच निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर है, तो उसे राजनीतिक दलों और उनके आनुषंगिक संगठनों की उन तमाम गतिविधियों पर भी नजर रखनी और सख्त रुख अख्तियार करना चाहिए जिनका प्रभाव मतदान पर पड़ सकता है। निर्वाचन आयोग कुछ मामलों में निर्देश जारी करके अपनी अहमियत तो रेखांकित करने का प्रयास करता देखा जाता है, मगर वह दंतहीन शेर ही साबित होता है।

# मेयर रामपाल ने किया नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

रूद्रपु(उद संवाददाता)र। मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड नंबर 38 आवास विकास में रिंग रोड से लेकर शिव शक्ति मन्दिर तक तक सड़क एवं दोनों और नाली निर्माण कार्य का वार्ड की पार्षद रीना जग्गा एवं पार्षद प्रतिनिधि राजेश जग्गा एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार खनिजो के साथ संयुक्त रूप से विधिवत नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने मेयर रामपाल का फूल मालाओ से जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहर का चहुमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर को मॉडल के रूप में विकसित करने के प्रयास लगातार जारी है। सभी वार्डो में विकास



कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब चार साल के अब तक के कार्यकाल में उन्होंने हमेशा जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश की है। उनका प्रयास रहा है कि जनता को शिकायत का मौका न दिया जाये। नगर निगम में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। सभी कार्य परदर्शिता के साथ कराये जा रहे हैं और योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के भी प्रयास किये जा रहे है। जनता से जो वायदे उन्होंने चुनाव के दौरान किये थे उनमें से अधिकांश को पूरा किया जा चुका है। मेयर ने कहा नगर निगम के माध्यम से जो भी कार्य संभव हैं उन्हें कराने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होनें कहा कि सभी विकास कार्य पारदर्शिता के साथ कराये जा रहे हैं। विकास कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मेयर ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से इस सड़क की हालत बहुत खराब थी बरसात के समय जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी जिसके निर्माण की जरुरत बहुत जरूरी थी आज से इसका निर्माणकार्य प्रारम्भ हो चुका है। मेयर ने कहा कि आवास विकास में जो भी समस्याएं हैं उनके निराकरण के लिए भी शीघ्र प्रयास किये जायेंगे। इस अवसर पर नितेश गुप्ता, प्रेमचंद सिंह,राम अवतार, जोहरी वीके श्रीवास्तव, राजेश अरोड़ा, परमजीत सिंह, केवल कृष्ण, सी ए कपिल अरोड़ा, राम जी मौर्य, राजेश तिरखा, शिखर अरोड़ा, अरविंद कुमार मामू, चंद्र प्रकाश गांधी प्रशांत कपूर, अनिल साहनी रेनू सागर, कपिल लोहनी गंगेश मिश्रा, हर श्री ओम जौहरी, संतोष कुमार सिंह, राजेंद्र सागर,त्रिलोक चंद्र शर्मा, सुभाष धमीजा, विजय शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मौत की सजा के तरीके में बदलाव का औचित्य

जघन्यतम अपराधों के मामलों में देश में फांसी के जरिए मृत्युदंड का प्रावधान है। इस प्रावधान को समाप्त करने की मांग तो लंबे समय से की ही जा रही है,परन्तु अब इसके तरीके में बदलाव की मांग पुरजोरी से उठी है। पूरी दुनिया में सभ्यता के विकास के साथ-साथ जीवन और व्यवस्था को ज्यादा मानवीय और सरल बनाने की कोशिशें होती रही हैं। इस विचार मंथन के दौरान समाज को संवेदनशील बनाने के प्रयास तो हुए ही, कानून के दायरे में परिभाषित अपराधों की सजा के क्रम में क्रूरता से जुड़ी यातनाएं लगभग विलोपित कर दी गईं। वरना हम राजशाही ही नहीं अंग्रेजी हुकूमत के दौरान क्रांतिकारियों के नाखून निकालने, हंटरों से चमड़ी उधेड़ने और बर्फ की सिल्लियों पर लिटाने की यातनाओं से रूबरू हुए हैं। अनेक इस्लामिक देशों में आज भी आंख के बदले आंख और हाथ के बदले हाथ काट देने की सजाएं बरकरार हैं। फिर भी दुनिया के कानून क्रूर सजाओं से मुक्त हुए हैं। बावजूद मौत की सजा प्राप्त दोषी को फांसी पर लटकाए रखने का तरीका ही बेहतर माना गया है। लेकिन अब सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से फांसी के तरीके में बदलाव की अपेक्षा की है। सरकार ने न्यायालय को विशेषज्ञों की एक समिति बनाकर इस संबंध में सुझाव मांगने की बात कही है, जिससे मृत्युदंड देने का कोई ऐसा तरीका खोजा जाए, जिससे दोषी को तकलीफ कम से कम हो। दुनिया का शायद भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो देश तोड़ने वाले आतंकवादियों की फांसी की सजा को रोकने के लिए भी आधी रात को शीर्ष न्यायालय के खुलवा देते हैं। तर्क दिया जाता है कि मृत्यु के बाद अपराधी के सुधरने की गुंजाइश खत्म हो जाती है। इन कारणों के चलते अनेक देशों ने मृत्युदंड के कानून को खत्म कर दिया है। हालांकि भारत में अपराधी को सजा देने से पहले अदालतें अनेक पहलुओं पर गंभीरता से विचार करती हैं। मृत्युदंड की सजा मिल भी जाती है तो फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देने के विधान हैं। इसलिए जब भी इस तरह के मामले उच्च और उच्चतम न्यायालयों में पहुंचते हैं, तब जीवन को समाप्त कर देने वाली इस सजा पर कमोवेश उदार रुख अपनाते हुए जघन्य अपराधों के कारणों की परिस्थितियों और मनोविज्ञान को तलाशा जाता है, जिससे फांसी के औचित्य का ठीक-ठीक ज्ञान हो सके। भारत ही नहीं,दुनिया के ज्यादातर देशों में मृत्युदंड की सजा के लिए फांसी पर लटकाने का ही प्रावधान है।यह तरीका मानवता के परिप्रेक्ष्य अधिकतम क्रूरता की श्रेणी में आता है।लेकिन मौत का भी कोई सरलतम तरीका हो सकता है, यह कहना मुश्किल है।फिर भी इस सजा के विकल्प सुझाए जाते रहे हैं।इनमें पोटेशियम सायनाइड खिलाना,जहर का इंजेक्शन लगाने,गोली मारने या फिर बिजली की कुर्सी पर बिठाकर करेंट लगा कर मार देना शामिल हैं।लेकिन ये उपाय कष्ट से मुक्त हैं,यह नहीं कहा जा सकता है।एतएव दंड के नए तरीके खोजना और फिर उन्हें सर्वमान्य मान लेना भी एक भूल ही होगी।हां इसे नई बहस का मुद्दा जरूर बनाए रखा जा सकता है।हालांकि शीर्ष न्यायालय का फैसला जो भी आए, भारतीय दंड संहिता में जब तक मौत की सजा का प्रावधान है, तब तक जघन्य अपराधों में अदालत मौत की सजा देती रहेगी और अपराधी फांसी के फंदे पर लटकाए जाते रहेंगे। इस सिलसिले में शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा था कि दया याचिका के फैसले में देरी होती है तो मौत की प्रतीक्षा कर रहे कैदी मानसिक रोगी हो सकते हैं। इस आधार पर मानसिक रूप से विक्षिप्त कैदी को फांसी की सजा देना उचित नहीं है। इस सजा को खत्म करने का अधिकार केवल संसद को है और संसद एकमत से हत्या की धारा 302, डकैती एवं हत्या की धारा 396 और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की धारा 121 को विलोपित करने का विधेयक पारित करा ले, ऐसा संभव ही नहीं है। दरअसल जघन्य से जघन्यतम अपराधों में त्वरित न्याय की तो जरूरत है ही, दया याचिका पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की जरूरत भी है। शीर्ष न्यायालय ने यह तो कहा है कि दया याचिका पर तुरंत फैसला हो, लेकिन राष्ट्रपति के लिए क्या समय सीमा होनी चाहिए, यह सुनिश्चित नहीं किया। क्योंकि अकसर राष्ट्रपति दया याचिकाओं पर निर्णय को या तो टालते हैं या फांसी की सजा को उम्र कैद में बदल देते हैं। अतएव राष्ट्रपति और राज्यपालों तक पहुंचने वाली दया याचिकाओं का समय निर्धारित किया जाना आवश्यक है। हालांकि किसी भी देश के उदारवादी लोकतंत्र में न्याय व्यवस्था आंख के बदले आंख या हाथ के बदले हाथ जैसी प्रतिशोधात्मक मानसिकता से नहीं चलाई जा सकती है, लेकिन जिन देशों में मृत्युदंड का प्रावधान है, वहां यह मुद्दा हमेशा ही विवादित रहता है कि आखिर मृत्युदंड सुनने का तार्किक आधार क्या हो? इसीलिए भारतीय न्याय व्यवस्था में लचीला रुख अपनाते हुए गांभीर अपराधों में उम्र कैद एक नियम और मृत्युदंड अपवाद है। इसीलिए देश की शीर्षस्थ अदालतें इस सिद्धांत को महत्व देती हैं कि अपराध की स्थिति किस मानसिक परिस्थिति में उत्पन्न हुई ? अपराधी की समाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक स्थितियों व मजबूरियों का भी ख्याल रखा जाता है। क्योंकि एक सामान्य नागरिक सामाजिक संबंधों की जिम्मेदारियों से भी जुड़ा होता है। ऐसे में जब वह अपनी बहन, बेटी या पत्नि को बलात्कार जैसे दुष्कर्म का शिकार होते देखता है तो आवेश में आकर हत्या तक कर डालता है। भूख, गरीबी और कर्ज की असहाय पीड़ा भोग रहे व्यक्ति भी अपने परिजनों को इस जलालत की जिदंगी से मुक्ति का उपाय हत्या में तलाशने को विवश हो जाते हैं। जाहिर है, ऐसे मजबूरों को मौत की सजा के बजाय सुधार और पुनर्वास के अवसर मिलने चाहिए। क्योंकि जटिल होते जा रहे समय में दंड के प्रावधानों को तात्कालिक परिस्थिति और दोषी की मनोवैज्ञानिक स्थिति पर भी आंकना जरूरी है। हालांकि ज्यादातर मुस्लिम देशों ने जघन्य अपराधों में अंग-भंग के साथ मृत्युदंड के प्रावधान हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में तो ईशनिंदा के मामलों में नाबालिगों को भी आजीवन कारावास या मौत की सजा दे दी जाती है। भारत में न्याय को अपराध के विभिन्न धरातलों की कसौटियों पर कसना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमारे यहां पुलिस व्यक्ति की सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक व आर्थिक हैसियत के हिसाब से भी दोषी ठहराने में भेद बरतती है। इसीलिए देश में सामाजिक आधार पर विश्लेषण करें तो उच्च वर्ग की तुलना में निचली जातियों से जुड़े लोगों को ज्यादा फांसी दी गई हैं। यही स्थिति अमेरिका में है। वहां श्वेतों की अपेक्षा अश्वेतों को ज्यादा फांसी दी गई हैं। इस समय पश्चिम एशियाई देशों में भी फांसी की सजा देने में तेजी आई हुई है। इनमें ईरान, इराक, सऊदी अरब और यमन ऐसे देश हैं, जहां सबसे ज्यादा मृत्युदंड दिए जा रहे हैं। दया याचिका पर सुनवाई के लिए यह मांग हमारे यहां उठ रही है कि इसकी सुनवाई का अधिकार अकेले राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में न हो, इस बाबत एक बहुसदस्यीय जूरी का गठन हो। इसमें सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और कुछ अन्य विशेषाधिकार संपन्न लोग शामिल हों, यदि इस जूरी में भी सहमति न बने तो इसे दोबारा शीर्ष अदालत के पास प्रेसिडेंशियल रेफरेंस के लिए भेज देना चाहिए। इससे गलती की गुंजाइश न्यूनतम हो सकती है, इसके उलट एक विचार यह भी है कि राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेजने का प्रावधान खत्म करके सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही अंतिम फैसला माना जाए, यह विचार ज्यादा तार्किक है। क्योंकि न्यायालय अपराध की प्रकृति और अपराधी की प्रवृत्ति के विश्लेषण के तर्कों से सीधे रूबरू होती है। फरियादी का पक्ष भी अदालत के समक्ष रखा जाता है। जबकि राष्ट्रपति के पास दया याचिका पर विचार का एकांगी पहलू होता है।जाहिर है न्यायालय के पास अपराध और उससे जुड़े दंड को देखने के कहीं ज्यादा साक्ष्यजन्य पहलू होते हैं। लिहाजा तर्कसंगत उदारता अदालत ठीक से बरत सकती है।रही बात मौत की सजा देने के तरीके की तो हरहाल में मृत्युदंड का भय ही हर पल यातना का बोध कराने वाला है।

**-प्रमोद भार्गव**
**लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हैं।**

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षा विद और समाज सुधारक : गोपाल कृष्ण गोखले

नौ मई, 2023 को देशभर में महान स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी गोपाल कृष्ण गोखले की एक सौ संत्तावनवीं जयंती मनाई जा रही है। गोपाल कृष्ण गोखले एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया। गोपाल कृष्ण गोखले जी का




जन्म 9 मई, 1866 को वर्तमान महाराष्ट्र के कोटलुक गाँव में हुआ था। गोखले ने सामाजिक सशक्तीकरण, शिक्षा के विस्तार और तीन दशकों तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की दिशा में कार्य किया तथा प्रतिक्रियावादी या क्रांतिकारी तरीकों के इस्तेमाल को खारिज किया। ये महात्मा गांधी से लगभग ढाई साल बड़े थे। गांधी जी ने अपनी किताब स्वराज में लिखा है- एक बार मैंने उन्हें घोड़ा-गाड़ी के बजाय ट्रेन (कलकत्ता में चलने वाली छोटी ट्रेन) से सफर करने की सलाह दी। वे आगे लिखते हैं - गोखले दुखी हो गए और कहा, क्या तुम भी मुझे नहीं पहचान पाए? मैं जो भी कमाता हूं सब अपने आप पर नहीं खर्च करता। घोड़ा-गाड़ी से इसलिए चलता हूं कि कई लोग मुझे जानते हैं और अगर मैं ट्रेन में सफर करूं तो मेरे साथ अन्य यात्रियों को काफी दिक्कतें होंगी। जब तुम्हें काफी लोग जानने लग जायेंगे तब इसका अहसास होगा.' और ऐसा हुआ भी। आज जब मेक इन इंडिया' और मेक फॉर इंडिया' के बीच बहस जारी है, हम बात जान लें कि गोखले पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्वदेशी' विचार पर जोर दिया। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति और इतिहासकार प्रोफेसर केएल कमल कहते हैं, उन्होंने स्वदेशी को प्रोत्साहन देते हुए बताया कि यह देशभक्ति के साथ-साथ एक आर्थिक आंदोलन भी है. प्रोफेसर कमल उन्हें उदारवादियों का सिरमौर और भारत के संवैधानिक विकास का जनक मानते हैं। वे कहते हैं कि उन्होंने कोई नया सिद्धांत नहीं दिया बल्कि भारतीय परिवेश में पाश्चात्य राजनैतिक परंपरा के विलय की बात कही थी। गोपाल कृष्ण गोखले जी महात्मा गांधी के राजनैतिक गुरु, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के मार्ग दर्शकों में से एक, सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के संस्थापक होने के साथ-साथ गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के मार्गदर्शकों में से एक थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। गांधीजी उन्हें अपना राजनैतिक गुरु मानते थे। गोखले राजनैतिक नेता होने के आलावा एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने एक संस्था "सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी" की स्थापना की, जो आम लोगों के हितों के लिए समर्पित थी। देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में गोपाल कृष्ण गोखले का योगदान अमूल्य है। गोपाल कृष्ण गोखले जी के पिता कृष्ण राव एक किसान थे पर चूँकि क्षेत्र की मिट्टी कृषि के लिए अनुकूल नहीं थी, इस कारण क्लर्क का काम करने पर मजबूर हो गए। उनकी माता वालूबाई एक साधारण महिला थीं। गोखले ने अपने बड़े भाई द्वारा आर्थिक सहायता से कोथापुर के राजाराम हाई स्कूल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। बाद में वह मुंबई चले गए और 1884 में अट्ठारह वर्ष की उम्र में मुंबई के एलफिंस्टन कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की।गोपाल कृष्ण उस समय के किसी भी भारतीय द्वारा पहली बार कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने वाले चंद लोगों में से एक थे। उन्हें नवोदित भारतीय बौद्धिक समुदाय और पूरे भारत वर्ष में व्यापक रूप से सम्मानित किया गया। गोखले शिक्षा के महत्त्व को भली-भांति समझते थे। उनको अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान था। जिसके कारण वो बिना किसी हिचकिचाहट और अत्यंत स्पष्टता के साथ अपने आप को अभिव्यक्त कर पाते थे। इतिहास के ज्ञान और उसकी समझ ने उन्हें स्वतंत्रता,स्नातक की पढाई के बाद वह अध्यापन की ओर बढ़े और पुणे के न्यू इंग्लिश स्कूल में सहायक शिक्षक का कार्य करने लगे। वर्ष 1885 में गोखले पुणे चले गए और डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी के अपने सहयोगियों के साथ फर्ग्यूसन कॉलेज के संस्थापक सदस्यों में शामिल हुए। गोपाल कृष्ण गोखले ने फर्ग्युसन कॉलेज को अपने जीवन के करीब दो दशक दिए और कॉलेज के प्रधानाचार्य बने। इस दौरान वो महादेव गोविन्द रानाडे के संपर्क में आये। रानाडे एक न्यायाधीश, विद्वान् और समाज सुधारक थे जिन्हे गोखले ने अपना गुरु बना लिया। गोखले ने पूना सार्वजनिक सभा में रानाडे के साथ काम किया और उसके सचिव बन गए। गोपाल कृष्ण गोखले ने 1886 में बीस साल की उम्र में सामाजिक जीवन में प्रवेश किया। उन्होंने " ब्रिटिश शासन के अधीन भारत पर एक सार्वजनिक भाषण दिया जिसकी बहुत सराहना हुई थी।

**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# नफीस आजाद अंसारी अब हो गए नारायण जी

हरिद्वार। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड की राजनीति में सक्रिय रहे नफीस आजाद अंसारी ने स्वेच्छा से इस्लाम को छिड़कर हिंदू धर्म को अपनाया है और सनातन धर्म में आस्था रखते हुए हिन्दुत्व के संवर्द्धन का संकल्प लिया है। अब उनका नाम नारायण जी हो गया है। मौनतीर्थ पीठ उज्जैन के समरसता प्रमुख डॉ. विद्यासागर के प्रयासों से यह संभव हो सका। शीघ्र ही नारायण गंगाघाट, उज्जैन स्थित मौनतीर्थ पीठ आएंगे और मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज से प्रत्यक्ष आशीष लेंगे। सामाजिक समरसता के लिए मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज की प्रेरणा से सतत गतिविधियां संचालित होती हैं एवं सार्थक प्रयास किए जाते हैं। इसी क्रम में डॉ. विद्यासागर उपाध्याय को मौनतीर्थ पीठ का राष्ट्रीय समरसता प्रमुख बनाया गया है। नारायण जी ने डॉ. उपाध्याय से भेंट की और सनातन वैदिक धर्म के कई गूढ़ प्रश्न पूछे थे। इन सभी प्रश्नों के प्रमाणिक उत्तर देकर सन्तुष्ट किया गया और नफीस आजाद अंसारी ने स्वेच्छा से इस्लाम त्याग कर हिन्दू होना स्वीकार किया। नारायण जी उत्तराखण्ड राज्य के दो साल तक आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रहे हैं। भारतीय जन जागृति पार्टी के जसपुर विधानसभा उत्तराखण्ड से प्रत्याशी रहे। उत्तर प्रदेश में 2022 के विधान सभा चुनाव में पीस पार्टी से ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद से प्रत्याशी रहे। मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज ने उनके इस निर्णय का अभिनंदन किया और कहा कि जो भी व्यक्ति हिंदू धर्म स्वीकार करना चाहता है, उसका मौनतीर्थ पीठ में स्वागत है, जहां हिंदू धर्म से जुड़े सभी प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान कर संतुष्ट किया जाता है एवं हिंदू धर्म अपनाने के लिए संकल्पबद्ध किया जाता है, जिससे कि सनातन धर्म के मार्ग पर चलकर मनुष्य जीवन को सार्थक किया जा सके। हिंदुत्व के संवर्धन के लिए संकल्पबद्ध होने पर नारायण जी का अभिनंदन मौनतीर्थ पीठ में स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। वे राष्ट्रीय समरसता प्रमुख के साथ 21 मई को उज्जैन आ सकते हैं। इस अवसर पर यह सम्मान समारोह आयोजित होगा। मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में समरसता सम्मान समारोह होगा। इस अवसर पर डॉ. विद्यासागर उपाध्याय की पुस्तक धर्मनुबंधनम का लोकार्पण भी किया जाएगा।



# पुर्ननिर्माण कार्यों को लेकर दिए दिशा निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने आपदा के अंतर्गत आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ), नॉन एसडीआरएफ एवं न्यूनीकरण मदों के तहत जनपद में किए जा रहे पुनर्निर्माण निर्माण व मरम्मत कार्यों की क्षेत्रवार समीक्षा संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों साथ करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई, ब्लॉक, जिला पंचायत, जल संस्थान, पेयजल निगम आदि कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों से पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा के अंतर्गत किए जाने वाले कार्य प्राथमिकता वाले कार्य हैं। कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को चालू पुनर्निर्माण कार्यों को आगामी 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपदा के अंतर्गत जो पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गये हैं उनका थर्ड पार्टी से निरीक्षण करवाते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय। जिलाधिकारी ने आपदा के तहत होने वाले कार्यों में लोगों के घरों में पड़े मलवे को हटाये जाने, नाली मरम्मत जैसे छोटे-छोटे कार्यों को लंबित रखे जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट की तथा घरों में पड़े मलबा हटाने के कार्य को तत्काल ही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यों में हीला- हवाली न बरती जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा के अंतर्गत हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों में देरी होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए कार्य तेजी से पूर्ण किए जायें।उन्होंने अपर जिला अधिकारी फिंचा राम चौहान को निर्देश दिए कि कार्यों की प्रगति के अनुसार केटेगरी निर्धारित करते हुए आपदा के अंतर्गत होने वाले कार्यों की प्रत्येक माह में प्रगति रिपोर्ट संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से मांगी जाय ताकि पता चल सके कि कार्य कितना प्रतिशत हुआ है। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर, प्रभारी अधिशासी अभियंता जल संस्थान सुरेश जोशी आदि उपस्थित थे।




# धार्मिक स्थलों में टप्पे बाजी करने वाले आठ लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ऋषिकेश। मुनी की रेती पुलिस ने उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों में सक्रिय उठाईगिरी (टप्पेबाज) गैंग के 8 सक्रिय सदस्यों को साडे 14 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी थाना मुनिकीरेती प्रभारी रितेश शाह ने देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से चार धाम यात्रा के दौरान तीर्थ स्थलों पर आने वाले यात्रियों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी आदि की धटनायें धटित किये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। जिनका गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये नवनीत सिंह भुल्लर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम को चोरी की धटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश निर्गत किये गये ।जिसके चलते सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस डाटा का गहनता से विश्लेषण किया गया। उसके बाद 4 पुलिस टीमें सादे वस्त्रों में विभिन्न घाटों पर नियुक्त की गयी। जिसने सीसीटीवी कैमरों के विश्लेषण एवं 1 टीम सर्विलांस हेतु नियुक्त की गयी। गठित टीमों ने लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर डाटा से प्राप्त 500 मोबाइल नम्बरों के सीडीआर का विश्लेषण किया जिसके आधार पर पुष्ट जानकारी प्राप्त हुई कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई गैंग चार धाम के तीर्थ स्थलों पर चोरी आदि की धटनाओं के लिये टोली बनाकर आये हुये है। सूचना पर दयानन्द घाट मुनिकीरेती पर चोरी की योजना बनाते हुये आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे नाजायज चाकू व धटनाओं में प्रयोग वाले उपकरण बरामद हुये। जिनके द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह लोग गोण्डा के निवासी है। जो कि यात्रा सीजन व त्यौहारों के अवसर पर तीर्थ स्थलों पर आते है, तथा घाटों पर घूमकर मौका देखकर स्नान कर रहे यात्रियों के कपडे व बैग चोरी कर ले जाते है। चोरी में जो भी पैसा व जेवरात मिलता है उसे आपस में बांट देते है। जिन्होंने बताया कि उनके गैंग द्वारा वर्ष 2008 व वर्ष 2017 में भी थाना ऋषिकेश एवं थाना मुनिकीरेती क्षेत्रान्तर्गत इस प्रकार की धटनाओं को अंजाम दिया गया था। पकड़े गए आरोपियों ने मनोज कुमार पुत्र स्व0 खेदू प्रसाद निवासी- नकछेदपुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा उ0प्र0 ,बाबूराम पुत्र रामअच्छेवर निवासी नकछेदपुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा ,राधेश्याम पुत्र वासुदेव निवासी बस्तीपुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा ,अमृत लाल पुत्र भगवती प्रसाद निवासी दुल्हापुर थाना धानेपुर जिला गोण्डा ,रविन्द्र कुमार पुत्र सदल निवासी- भिटोरा थाना मनकापुर जिला गोण्डा ,अमरजीत पुत्र रामचन्द्र निवासी- वनकसिया थाना मोतीगंज जिला गोण्डा , अशोक कुमार पुत्र रामयश निवासी- दुल्हापुर थाना धनेपुर जिला गोण्डा ,सरोज कुमार पुत्र खेदू प्रसाद निवासी- नकछेदपुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा बताए गए हैं। जिसे पुलिस ने चाकू और 14500/-रूपये नगद चोरी बरामद की है।



# जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता के सभागार में आज बी. एड. विभाग के द्वारा आयोजित जी 20 कार्यक्रम के तहत जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीता मेहता एवं बी. एड. विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ इंदु बाला सक्सेना एवं मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य डॉ गोपाल सिंह ने किया इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की अपील की। तथा बी. एड. विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती वर्षा सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया तथा बताया कि कैसे हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग दे सकते है। तथा बी. एड. के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए, तथा कार्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मनोज कुमार, रश्मि सारथी, डॉ. सरस्वती भट्ट, ज्योति राना, कविंद्र सिंह बोरा, रोशन कुमार, आरती राना, कामिनी राना, अफ्सा खान, हरविंदर सिंह, प्रिया थापा, नीमा गोस्वामी, पूनम राणा, दुर्गा नाथ गोस्वामी, देवराम समेत तमाम छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में द केरला स्टोरी...**केरल स्टोरी फिल्म पर बैन लगा दिया। इसका मतलब यह है कि इस फिल्म को अब पश्चिम बंगाल के किसी भी थिएटर में नहीं दिखाया जा सकेगा। इस मामले में ममता बनर्जी का कहना है कि फिल्म श्द केरल स्टोरीश पर यह फैसला उन्होंने नफरत और हिंसा की किसी भी घटना से बचने और राज्य में शांति बनाए रखने के लिए लिया है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष और ...**सरकार के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की। जिसमें आम जनों के द्वारा संबंधित विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत में अब दो से अधिक संतान वाले लोग भी चुनाव लड़ सकते हैं। 25 जुलाई 2019 से पूर्व जिनके 2 से अधिक संतानें हैं वह अब चुनाव लड़ सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के सीधे चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है, जिस पर जल्द ही संविधान में संशोधन और हमारी मांग को जल्द पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने कहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख के प्रत्यक्ष चुनाव का अधिकार राज्य सरकार को दे दिया जाए जिस तरह से मेयर के चुनाव का अधिकार राज्य को मिला है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा स्वयं सहायता समूह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य क्षमता एवं दक्ष अभिवृद्धि के लिए केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2023-24 के अंदर 242 करोड रुपए स्वीकृत किए जाने पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित ही हम उनके निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे और 29 विषय पंचायतों को समर्पित करेंगे जिससे पंचायतें मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि हमारे गांव मजबूत होंगे तथा पंचायत से मजबूत होंगी तो देश मजबूत होगा। काशीपुर के विकास के बारे में उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में केवल 3 काशी है जिसमें उत्तरकाशी, गुप्तकाशी और काशीपुर सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि काशीपुर के विकास में निश्चित रूप से कोई कमी नहीं रखी जाएगी। काशीपुर में द्रोणा सागर की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है तो वही बाजपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा रामनगर से बाजपुर के लिए डायवर्जन के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

**ट्रैक्टर ट्राली की..**और ना ही परिजनों को शव घर पर पहुंचने के बाद परिजनों को जानकारी मिली जिसके बाद परिजनों ने मृतक के शव को रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाकर जानकारी पुलिस को दी । परिजनों ने इस मामले में वाहन स्वामी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है तथा पुलिस भी घटना की जानकारी कर रही है।

**चारा पत्ती लेने...**तुरंत इसकी सूचना वन विभाग और महिला के परिजनों को दी। परिजनों ने आनन- फानन में महिला को बेस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम से रेंजर डीएन ध्यानी ने बताया कि हाथी के हमले से महिला घायल हुई है। महिला का उपचार चल रहा है।

**इंटार्क श्रमिकों में...**पालन कर 9 मई 2023 तक उक्त 28 मजदूरों की कार्यबहाली करने और 12 मई 2023 को उक्त 28 मजदूरों की कार्यबहाली करने के संबंध में दस्तावेज सहित उपस्थित होने का निर्देश दिया था । किन्तु इंटरार्क कंपनी प्रबंधन द्वारा अभी तक भी उक्त 28 मजदूरों की कार्यबहाली नहीं की गई है । उन्होंने बताया आज इंटरार्क कंपनी के उक्त 28 मजदूर कंपनी गेट पर उपस्थित हुए और उपश्रमायुक्त द्वारा दिये गए उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुवे कार्यबहाली करने का अनुरोध किया। किन्तु कंपनी के एचआर मैनेजर बीवी श्रीधर द्वारा उक्त मजदूरों की कार्य बहाली करने से इंकार कर दिया और कहा कि जो भी होगा वह उपश्रमायुक्त के समक्ष ही होगा । इससे मजदूरों में आक्रोश पनप रहा है। पन्तनगर प्लांट के यूनियन महामंत्री सौरभ कुमार और किच्छा प्लांट के यूनियन महामंत्री पान मुहम्मद ने कहा कि इंटरार्क कंपनी प्रबंधन द्वारा एक बार फिर से साबित कर दिया है कि कुमाऊँ क्षेत्र के सबसे बड़े श्रम अधिकारी उपश्रमायुक्त के निर्देश के भी कंपनी प्रबंधन के लिए कोई चिंता और कोई मायने नहीं हैं और प्रबंधन द्वारा उपश्रमायुक्त के उक्त निर्देश को भी ठेंगा दिखा दिया है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि प्रबंधन भारत के श्रम कानूनों ,उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेशों और उत्तराखंड राज्य के कानून से भी ऊपर है।

**पहलवानों के समर्थन...**अन्यथा वह जांच को निश्चित रूप से प्रभावित करेंगे। वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र निषाद मोनू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्षरत पहलवानों के साथ खड़े हैं। जब तक पहलवानों को न्याय नहीं मिलेगा कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप कर सुलझाना चाहिए। पुतला फूंकने वालों में सुमित राय, मोहन भारद्वाज, संजीव रस्तोगी, रामधारी गंगवार, दिनेश मौर्य, विपिन रस्तोगी, कृष्णपद विश्वास, उमा सरकार, अंगद भारद्वाज, रोबिन विश्वास, एमपी मौर्य, राहुल सागर, राजू कश्यप, अमित सिंह, दीप प्रकाश, जयपाल सिंह, सुकुमार अधिकारी, राज चक्रवर्ती, देवी सिकदार, प्रमिला राठौर, प्रीति, सुनीता राजभर आदि शामिल थे।

**उत्तराखंड पुलिस ने ...**कहा कि इस तरह की गतिविधियां आसपास के लोगों के साथ-साथ अन्य पर्यटकों को भी परेशान करती हैं, जिसे देखते हुए रायपुर पुलिस के 15 अधिकारियों की एक विशेष टीम ने मालदेवता क्षेत्र में ऑपरेशन मर्यादा के तहत अभियान चलाया। पुलिस ने रेस्तरां, होटल और ढाबों सहित विभिन्न भोजनालयों में निरीक्षण किया और सोंग नदी के पास कई लोगों को शराब का सेवन करते और हंगामा करते पाया। अधिकारियों ने कहा कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया और 58 लोगों पर पुलिस अधिनियम के तहत 14,500 रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि सभी अपराधियों को दोबारा अपराध नहीं करने की चेतावनी दी गयी है. अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के इस अभियान की सराहना की जो भविष्य में भी जारी रहेगा।

# अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के लिये 115 करोड़ की धनराशि अवमुक्त

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी एवम सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2022 -23 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान हेतु उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी 115 करोड़ रुपए की धनराशि को अपर जिलाधिकारी एवम उपयुक्त गन्ना विकास एवम चीनी उद्योग जय भारत सिंह ने द्वारा संबंधित चीनी मिलों को अवमुक्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दि बाजपुर कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री लिमिटेड बाजपुर को 40 करोड़ रुपए, दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड नादेही को 21 करोड़, किच्छा शुगर कम्पनी लिमिटेड किच्छा को 21 करोड़, डोईवाला शुगर कंपनी लिमिटेड डोईवाला (देहरादून) को 33 करोड़ रुपए की धनराशि मुक्त कर दी गई हैं।

# महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर जत्था 21 जून को लाहौर रवाना होगा

रुद्रपुर/गदरपुर स महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, पंजा साहेब एवं करतारपुर एवं महाराजा रणजीत सिंह के समाधि स्थल लाहौर (पाकिस्तान)जाने वाला सिख यात्रियों का जत्था इस वर्ष 21 जून 2023 को श्री अमृतसर से रवाना होगा जोकि उक्त गुरुद्वारों के अलावा अन्य गुरुद्वारों की यात्रा के उपरांत 30 जून को वापस अमृतसर पहुंचेगा स यह जानकारी देते हुए गुरुधाम यात्रा सोसायटी के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह आजाद (पंजाबी पुस्तक भंडार) रूद्रपुर वालों ने बताया कि जो यात्री पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा के लिए जाने के इच्छुक हैं वह 25 मई तक अपने पासपोर्ट जमा करवाने की कृपा करें सअधिक जानकारी के लिए 98371 48046 पर संपर्क करें।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.

PROJECT
APPROVED
PROJECT

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर

86501-18000